Seventeenth Loksabha

an>

Title: **Need to take steps to revive BSNL and MTNL.***h

श्री अरविंद सावंत (मुम्बई दक्षिण): महोदय, बहुत-बहुत धन्यवाद।

महोदय, आप जानते हैं कि वर्ष 2018 के अन्तिम चरण में माननीय कम्युनिकेशन मिनिस्टर रवि शंकर प्रसाद जी ने इस सदन में कहा था कि हम भारत संचार निगम लिमिटेड और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड को पुनर्जीवित कर रहे हैं, 4जी की सर्विस दे देंगे। आज वर्ष 2020, सितम्बर आ गया है, अभी भी भारत संचार निगम लिमिटेड की 4जी की सर्विस शुरू नहीं हुई है। उस वक्त एक और चीज हुई थी कि आईयूसी चार्जेज, इंटर यूजेज चार्जेज होते हैं, उसके लिए वोडाफोन और एयरटेल के लोग सरकार के पास आए थे और कह रहे थे कि एक कॉल के पीछे 14 पैसे जाते हैं, उसे कम कीजिए, लेकिन सरकार ने नहीं किया। जब सरकार के पास उनकी लाडली कम्पनियाँ आयीं तो उन्होंने कर दिया और ऐसा करने के तुरन्त बाद भारत संचार निगम लिमिटेड को 5 हजार करोड़ रुपये का घाटा हुआ। इसे वहाँ के सेक्रेटरी दीपक मिश्रा जी टीआरएआई (ट्राई) की नजर में लाए, लेकिन टीआरएआई ने उनका ही ट्रांसफर कर दिया। आज वही हालत है, जैसे हमारे मराठी में एक कहावत है "कि न माँ खाना देती है, न बाप भीख माँगने देता है" ऐसी अवस्था उस कंपनी की हो गई है। वहाँ पर ध्यान देने की आवश्यकता है। इसलिए बीच में वे वीआरएस लाए, हमने उसका समर्थन किया, सहायता की। वीआरएस लेने वाले लोगों के पैसे जून के आखिर तक देने थे, अब सितम्बर आखिर आ गया है, लेकिन अभी भी उनके जीपीएफ, ग्रेच्युटी, अवकाश नकदीकरण और अन्य बाकी सारी चीजों का भुगतान नहीं हुआ है। इनका भुगतान करने की आवश्यकता है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से विनती करता हूँ कि वह भारत संचार निगम लिमिटेड और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड को जल्दी से जल्दी सहायता देकर उन्हें पुनर्जीवित करने का आशीर्वाद दे दें। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

डॉ. सुजय विखे पाटील,

श्रीमती रक्षा निखिल खाडसे,

श्री कुलदीप राय शर्मा

श्री श्रीरंग आप्पा बारणे,

श्री राहुल रमेश शेवाले और

श्री मलूक नागर को श्री अरविंद सावंत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।